दर्शन मनोना धाम के | by Tarun Raj

मानोना धाम है जीवन धाम जन्म लिए जहाँ श्री श्याम
नित चमत्कार यहाँ हो रहे सब मिल बोलो जय श्री श्याम

चलो दर्शन करके आएं मानोना धाम के
जहाँ नाचते झूमते गाते दीवाने श्याम के

श्याम श्याम दर्शन देदो मेरे श्याम .....

वहां श्याम की कृपा है जारी, दर्शन की कर लो तैयारी
बस इत्र साथ में ले चलना तेरी आ ही जाएगी बारी
नज़रों से नज़रें मिलेंगी बाबा श्याम से
चलो दर्शन करके आएं मानोना धाम के
जहाँ नाचते झूमते गाते दीवाने श्याम के

बिलभीत से कोई है आया कोई आया चंडीगढ़ से
कोई हाथ निशान लिए है कोई चूरमा लाया घर से
अब सबकी बिगड़ी बनेगी तेरे धाम से
चलो दर्शन करके आएं मानोना धाम के
जहाँ नाचते झूमते गाते दीवाने श्याम के

तेरा ही हमको सहारा तुमको ही बाबा पुकारा
चरणों की सेवा दे दो क्या ही जायेगा तुम्हारा
लिखता रहे शुभम फ़साने तेरे नाम के
चलो दर्शन करके आएं मानोना धाम के
जहाँ नाचते झूमते गाते दीवाने श्याम के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%8b%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-by-tarun-raj/